**1. एमीलोज में कौन-सी ग्लाइकोसिडिक कड़ी पाई जाती है?**
A. C1–C6 B. C1–C4
C. C2–C6 D. C1–C2 (B)
*व्याख्या :* एमीलोज α-D-ग्लूकोज़ की एक रैखिक बहुलक श्रृंखला है, जो C1–C4 ग्लाइकोसिडिक कड़ियों से जुड़ी होती है।

**2. कौन-सा डाइसेकेराइड ग्लूकोज़ और गैलेक्टोज़ से मिलकर बना होता है?**
A. माल्टोज़ B. लैक्टोज़
C. सुक्रोज़ D. सेलोबायोज़ (B)
*व्याख्या :* लैक्टोज़ β-D-गैलेक्टोज़ और β-D-ग्लूकोज़ से बना होता है जो C1–C4 ग्लाइकोसिडिक कड़ी द्वारा जुड़े होते हैं।

**3. ग्लूकोज़ की चक्रीय संरचना को क्या कहा जाता है?**
A. फ्यूरानोज़
B. लैक्टोन
C. पायरानोज़
D. कीटोहेक्सोज़ (C)
*व्याख्या :* ग्लूकोज़ छह-सदस्यीय चक्रीय संरचना बनाता है जिसे पायरानोज़ कहा जाता है।

**4. बच्चों में रिकेट्स रोग किस विटामिन की कमी से होता है?**
A. विटामिन A
B. विटामिन $B_1$
C. विटामिन D
D. विटामिन K (C)
*व्याख्या :* विटामिन D की कमी से हड्डियों का उचित विकास नहीं होता जिससे रिकेट्स होता है।

**5. प्रोटीन में अमीनो अम्लों को जोड़ने वाला बंध कौन-सा होता है?**
A. ग्लाइकोसिडिक बंध
B. हाइड्रोजन बंध
C. पेप्टाइड बंध
D. एस्टर बंध (C)
*व्याख्या :* पेप्टाइड बंध अमीनो अम्लों के –COOH और $-NH_2$ समूहों के बीच बनता है जो प्रोटीन की संरचना बनाते हैं।

**6. वॉटसन और क्रिक द्वारा प्रस्तावित DNA की संरचना क्या है?**
A. सिंगल हेलिक्स
B. बीटा शीट
C. डबल हेलिक्स
D. Z-आकार (C)
*व्याख्या :* DNA दो पूरक श्रंखलाओं से बना होता है जो डबल हेलिक्स संरचना बनाते हैं।

**7. ग्लूकोज़ की दो क्रिस्टलीय रुपों को क्या कहा जाता है?**
A. एनैन्टीओमर्स
B. टॉटोमर्स
C. ऐनोमर्स
D. आइसोटोप्स (C)
*व्याख्या :* ग्लूकोज़ के α और β रुप ऐनोमर्स कहलाते हैं क्योंकि ये ऐनोमेरिक कार्बन पर भिन्न होते हैं।

**8. कौन-सा विटामिन जल में घुलनशील है और स्कर्वी रोग से संबंधित है?**
A. विटामिन D
B. विटामिन C
C . विटामिन A
D. विटामिन K (B)
*व्याख्या :* विटामिन C जल में घुलनशील है और इसकी कमी से स्कर्वी होता है जिसमें मसूड़ों से खून आता है।

**9. प्रोटीन के डिनैचरेशन का क्या परिणाम होता है?**
A. प्राथमिक संरचना का नुकसान
B. गतिविधि में वृद्धि
C. जैविक क्रिया का नुकसान
D. पेप्टाइड बंधों की वृद्धि (C)
*व्याख्या :* डिनैचरेशन में प्रोटीन की द्वितीयक और तृतीयक संरचना बिगड़ जाती है जिससे जैविक क्रियाशीलता समाप्त हो जाती है।

**10. DNA में एडेनिन का पूरक आधार कौन होता है?**
A. गुआनिन
B. साइटोसिन
C. थायमिन
D. यूरासिल (C)
*व्याख्या :* DNA में एडेनिन दो हाइड्रोजन बंधों के माध्यम से थायमिन से जुड़ता है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES